हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
8 अगस्त 2024, समय 1305

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम में बर्खास्त किए गए सफाई कर्मचारियों को जल्द बहाल किया जाएगा। श्री सुभाष सुधा ने कल चंडीगढ़ में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की शहर के क्षेत्रफल व आबादी के हिसाब से भर्ती की जाएगी साथ ही पढ़े लिखे सफाई कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर समूह ग के पदों पर पदोन्नति के लिए अनुरोध किया जाएगा । इसके अतिरिक्त सफ़ाई कर्मचारियों की जल्द ही नियमित भर्ती भी की जाएगी।राज्यमंत्री ने कहा कि सफाई दरोगाओं को पेट्रोल भत्ता तथा मोबाइल का खर्च भी दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायतों से पालिका में शामिल होने पर पंचायतों में लगे सफाई कर्मचारियों और ट्यूबवेल ऑपरेटरों को संबंधित नगर पालिका द्वारा उन्हीं शर्तों पर रखा जाएगा। सफाई कर्मचारियों से संबंधित कोई भी ठेका दिया जाएगा तो उसमें वेतन का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

हथीन से विधायक प्रवीण डागर ने कल हथीन विधानसभा क्षेत्र की लोक निर्माण विभाग की विभिन्न सडक़ों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने गांव नांगलजाट में पीने के पानी के बूस्टर के निर्माण का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर श्री डागर ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विधानसभा सभा क्षेत्र में लगभग 13 करोड़ 50 लाख रुपए के विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से नूंह जिला की सीमा तक बनने वाली 12 किलोमीटर लंबी हथीन जोगीपुर सडक़ शामिल है । उन्होंने कहा कि हथीन की सडक़ों के सुदृढीकरण कार्य के लिए पहले भी लगभग 25 करोड़ रुपए दिए गए थे और अब दोबारा 25 करोड़ रुपए से सडक़ों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है । हथीन की लगभग सभी सडक़ें दुरुस्त की गई है। बारिश का मौसम समाप्त होने पर शेष सडक़ों की मरम्मत भी करवा दी जाएगी।

....

हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री अनिल विज ने हरियाणा की महिला पहलवान विनेश फोगाट के ओलम्पिक में अयोग्य घोषित किये जाने पर अफसोस ज़ाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत आश्चर्यजनक और खेदजनक है। उन्होंने कहा कि सारा देश उम्मीद लगाए बैठा था, उन्हें विश्वास था कि विनेश फोगाट स्वर्ण पदक हासिल करेंगी। श्री विज ने विपक्ष को नसीहत दी कि खेल को खेल रहने देना चाहिए, राजनीति में खेल होते देखा है लेकिन खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विनेश देश की बेटी है और बेटी पर राजनीति करना ठीक नहीं है।उल्लेखनीय है कि कई विपक्षी दलों ने विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने को लेकर सरकार पर सवाल उठाये हैं।

हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को अधिक वज़न के कारण अयोग्य करार देने को दुःखद बताया है।रोहतक में जारी बयान में श्री ग्रोवर ने कहा कि इसमें मदद की जो भी संभावना है, भारतीय ओलंपिक संघ को कड़ी पैरवी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार थीं। प्रदेश की चैंपियन बेटी के साथ आज हर देशवासी खड़ा है। केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए हर संभव मदद की थी।

चरखी दादरी ज़िले में विनेश फोगाट के गांव बलाली में उनके ताऊ व द्रौणाचार्य अवार्डी कोच महाबीर सिंह विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने को लेकर काफ़ी दुःखी हैं।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से विनेश फोगाट अयोग्य करार दी गई हैं, उस से देशवासियों की उम्मीदें टूटी हैं।

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिम्पिक्स में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है।उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। विनेश फोगाट स्वर्ण पदक के 50 किलोग्राम वर्ग में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले, करीब 100 ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गईं थी।